एम.ए. (जेंडर एंड डेवलपमेंट स्टडीज़)

असाइनमेंट 2026–27

प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम

जुलाई 2026 और जनवरी 2027 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए

स्कूल ऑफ जेंडर एंड डेवलपमेंट स्टडीज़

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU)

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

प्रिय शिक्षार्थियों

MAGD के कार्यक्रम गाइड में बताए अनुसार, असाइनमेंट का किसी पाठ्यक्रम में **30 प्रतिशत भारांक** है। किसी पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए असाइनमेंट में कम से कम **40 प्रतिशत अंक** प्राप्त करना आवश्यक है। पाठ्यक्रम की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने से पहले असाइनमेंट जमा करना अनिवार्य है।

असाइनमेंट करने से पहले कार्यक्रम गाइड में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक **ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA)** है। जिन पाठ्यक्रमों में आपने पंजीकरण किया है, उन सभी के लिए असाइनमेंट करना होगा। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए असाइनमेंट अलग-अलग तैयार करके जमा करें।

असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथियाँ:

1. **31 अक्टूबर 2026** — दिसंबर 2026 की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए।
2. **30 अप्रैल 2027** — जून 2027 की टर्म-एंड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए।

जमा किए गए असाइनमेंट की रसीद या क्षेत्रीय केंद्र से प्राप्त ई-मेल उत्तर अवश्य सुरक्षित रखें तथा असाइनमेंट की एक फोटो-कॉपी अपने पास रखें।

MGS-005: जेंडर एवं विकास अध्ययन में अनुसंधान पद्धति

ट्यूटर मार्क्ड असाइनमेंट (TMA-01)

प्रोग्राम कोड: MAGD

कोर्स कोड: MGS-005

असाइनमेंट कोड: MGS-005/AST-01/TMA/2026-27

नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। खंड A के प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 700 शब्दों में दिया जाना है। खंड B के प्रत्येक प्रश्न के 12 अंक हैं और प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दिया जाना है।

खंड-A

1. अनुसंधान (Research) को परिभाषित कीजिए। अनुसंधान के विभिन्न प्रकारों की व्याख्या कीजिए।

2. उपयुक्त उदाहरणों सहित नारीवादी अनुसंधान पद्धति (Feminist Methodology) की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

खंड-B

3. केस स्टडी पद्धति (Case Study Method) और जेंडर परिप्रेक्ष्य से इसके महत्व की व्याख्या कीजिए।

4. नमूना (Sample) शब्द को परिभाषित कीजिए। नमूनाकरण (Sampling) के गुणों और दोषों की व्याख्या कीजिए।

5. उदाहरणों सहित प्रश्नावली (Questionnaire) और साक्षात्कार (Interview) विधियों की व्याख्या कीजिए।

6. जेंडर एवं विकास अध्ययन से संबंधित अपनी रुचि के किसी उपयुक्त विषय का चयन कीजिए तथा अपने प्रस्तावित शोध की शोध रूपरेखा (Research Design) तैयार कीजिए। शोध रूपरेखा में पाठ्यक्रम की इकाई 14 के चित्र 14.1 में दर्शाए गए सभी चरणों को शामिल किया जाना चाहिए।

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

i) समय उपयोग सर्वेक्षण (Time Use Survey)

ii) अनुसंधान नैतिकता (Research Ethics)

iii) ग्रंथसूची (Bibliography)

iv) हर्मेन्युटिक्स (Hermeneutics)